# भीलवाड़ा फोकस



नवरात्रि महोत्सव का दिव्य दृश्य - जगमगाते जोगणिया माता धाम में ढलते सूरज के बीच भक्तों की भक्ति ने मंदिर प्रांगण को दीप, भजन और श्रद्धा से रोशन कर दिया।

# जोगणिया माता धाम में भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम







**भीलवाड़ा फोकस @ बेगूं**

**( रमेश / दिनेश गुर्जर )** जोगणिया माता धाम में अष्टमी और नवमी की रात मंदिर प्रांगण श्रद्धा और भक्ति से सराबोर रहा। जगमगाती रोशनी और सजावट से रौशन मंदिर में देर रात तक चले जागरण में भक्तों की भीड़ उमड़ी, जिसने पूरे वातावरण को भक्तिमय और आनंदित बना दिया। मंदिर में हर ओर माता के जयकारों की गूंज थी। भक्तों ने हाथों में दीपक लेकर माता रानी की आराधना की और भजन-कीर्तन में सम्मिलित होकर रात्रि को दिव्य बना दिया। विशेष रूप से पैदल आने वाले श्रद्धालुओं के लिए लगाए गए भंडारे में चाय, जल और भोजन की व्यवस्था ने उनके उत्साह को और बढ़ाया।

जगमगाते मंदिर के पंडाल में श्रद्धालुओं की भीड़ इतनी थी कि गलियां और प्रवेश द्वार तक भक्तों से खचाखच भरे नजर आए। माता की आराधना के साथ-साथ भक्तों ने नाच-गान कर अपनी आस्था व्यक्त की, जिससे पूरा मंदिर परिसर एक दिव्य उत्सव का स्वरूप धारण कर गया।।

# सरकारी भूमि पर कब्जे को लेकर शक्करगढ़ में बवाल, पूर्व पुलिसकर्मी सहित छह घायल


## पिस्टल लहराने और ट्रैक्टर से हमला करने का आरोप, देवली अस्पताल में भर्ती

**भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़।**

थाना क्षेत्र के अखेरामजी का खेड़ा गांव में मंगलवार को सरकारी भूमि कब्जे को लेकर बड़ा विवाद हो गया। कहासुनी से शुरू हुआ मामला मारपीट में बदल गया और दोनों पक्षों के आधा दर्जन लोग घायल हो गए। इस घटना ने पूरे गांव में सनसनी फैला दी।

थाना प्रभारी पूरणमल मीणा ने बताया कि भीलवाड़ा पुलिस विभाग से बर्खास्त पुलिसकर्मी शैतान सिंह पुत्र कजोड़ मीणा पर सरकारी भूमि पर अतिक्रमण करने का आरोप है। प्रशासन द्वारा पहले अतिक्रमण हटाए जाने के बावजूद ग्रामीणों का आरोप है कि वह अब भी जमीन पर कब्जा किए बैठा है।







मंगलवार को इसी जमीन की हंकाई और ट्रैक्टर लहराने की बात को लेकर शैतान सिंह और ग्रामीणों के बीच तीखी बहस हो गई। आरोप है कि पूर्व पुलिसकर्मी व उसके परिजनों ने ग्रामीणों पर हमला कर दिया, पिस्टल लहराकर धमकाया और ट्रैक्टर से घर की दीवार व फाटक तोड़ने के साथ ट्रैक्टर चढ़ाने का प्रयास किया। झगड़े के दौरान पिस्टल मौके पर ही गिर गई।

इस मारपीट में अखेरामजी का खेड़ा निवासी राजकुमार पुत्र रामचंद्र मीणा (44), गणेशलाल पुत्र बजरंग लुहार (26), बाबूलाल पुत्र राधाकिशन (25) और रमेश लुहार (35) घायल हो गए। वहीं, दूसरे पक्ष के शैतान सिंह और उसका बेटा पवन भी जख्मी हो गए। दोनों को जहाजपुर में प्राथमिक उपचार के बाद देवली अस्पताल रेफर किया गया, जबकि अन्य घायलों का प्राथमिक उपचार करवाया गया।

ग्रामीणों का कहना है कि शैतान सिंह ने पिस्टल दिखाकर उन्हें जान से मारने की धमकी दी। घटना की जानकारी ग्रामीणों ने सीधे उच्चाधिकारियों को दी है , जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। फिलहाल गांव में शांति बनी हुई है।

# किराना दुकान में लगी भीषण आग, लाखों का नुकसान



**भीलवाड़ा फोकस @कोटड़ी ग्रामीण ।**

**दिनेश पारीक ।** उपखंड क्षेत्र के बिशनिया गांव में मंगलवार को एक किराना एवं डेयरी बूथ की दुकान अचानक आग की लपटों में घिर गई। आग इतनी तेज़ थी कि कुछ ही देर में लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया और ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई। पारोली थाना प्रभारी प्रभाती लाल मीणा ने बताया कि कैलाश रावणा राजपूत की किराना व डेयरी बूथ की दुकान में अचानक अज्ञात कारणों से आग लग गई। जिसने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया। ग्रामीणों और आस-पास के दुकानदारों ने पानी के टैंकरों से आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन असफल रहे। आग की चपेट में दुकान के ऊपर बना कमरा भी आ गया, जहां रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। सूचना मिलने पर जहाजपुर से दमकल मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। फिलहाल आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है ।

# भीलवाड़ा-चित्तौड़गढ़ हाईवे पर सात वाहनों की भिड़ंत, ट्रक ड्राइवर की मौत





**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

चित्तौड़गढ़ नेशनल हाईवे पर मंगलवार शाम एक भयावह सड़क हादसे में सात वाहन एक के बाद एक टकरा गए। इस दुर्घटना में अजमेर के हंसराज तेली की ट्रक केबिन में फंसने से मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि पांच अन्य घायल हो गए।

हमीरगढ़ थाना प्रभारी राजू राम के अनुसार, हादसा बीएसएल फैक्ट्री के सामने करीब तीन बजे के लगभग हुआ, जब एक ट्रक आधा सर्विस लेन और आधा हाईवे पर फंस गया। इसे सीधा करने का प्रयास किया जा रहा था, तभी चित्तौड़गढ़ की ओर से दूसरा ट्रक उसमें जा टकराया। इसके पीछे तेज रफ्तार ट्रेलर, ट्रक और मिनी बस सहित कुल सात वाहन आपस में भिड़ गए।

हादसे में पांच घायल हुए , जिन्हें हमीरगढ़ अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। वही ट्रक ड्राइवर हंसराज पिता राजेन्द्र तेली देवलिया कला, अजमेर की मौत हो गई । हादसे के बाद हाईवे पर कई किलोमीटर लंबा जाम लग गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त वाहनों को हटाकर करीब डेढ़ से दो घंटे बाद यातायात बहाल किया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है ।

## आपराधिक संदेश फैलाने वाले गायक-कलाकारों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई , नोटिस जारी

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

पुलिस ने समाज में युवाओं को अपराध की ओर आकर्षित करने वाले गायक और कलाकारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की है। जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन में यह कार्रवाई की गई। पुलिस का कहना है कि कुछ गायक और कलाकार अपने गीतों के माध्यम से गैंगस्टरों, खनन माफियाओं और अन्य अपराधियों को बढ़ावा देने का प्रयास कर रहे थे। इन गीतों में अपराध को आदर्श बताने और युवाओं को गलत रास्ते पर आकर्षित करने की प्रवृत्ति थी।


कार्रवाई के तहत 7 कलाकारों को नोटिस जारी किया गया है और उन्हें चेतावनी दी गई है। इनमें राही लाल धापा, मोइन लाल धनंजय (अनुपपुरा), मोनू गुयर, मिंदु गुयर, मुकेश गुयर, राही लाल गाडरी और लादू गुयर शामिल हैं। इन्हें चेतावनी देते हुए बताया गया है की यदि भविष्य में भी इसी प्रकार के गीत या सोशल मीडिया सामग्री प्रकाशित की जाती है, तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

एसपी ने लोगो से अपील की है कि वे ऐसे गायक और सामग्री का प्रचार-प्रसार न करें और समाज में अपराध प्रवृत्तियों को रोकने में सहयोग दें।

## खेत में काम करते समय सांप के डंसने से युवक की मौत

**भीलवाड़ा फोकस @ काछोला**

**विक्रम सिंह।** थाना क्षेत्र के पदमपुरा गांव में मंगलवार सुबह खेत पर कृषि कार्य कर रहे युवक की सांप के डंसने से मौत हो गई जानकारी के अनुसार पदमपुरा निवासी प्रभुलाल पिता खेमराज रेबारी सुबह खेत में फसल काट रहा था इसी दौरान अचानक एक जहरीले सांप ने उसे काट लिया। स्थिति बिगड़ने पर परिजन तत्काल काछोला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने प्रभुलाल को मृत घोषित कर दिया । थाना प्रभारी बालकिशन शर्मा ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कर



परिजनों को सौंप दिया गया है ।पुलिस मामले की जांच में जुटी है ।

## जिला कारागृह में पुलिस ने ली आकस्मिक सघन तलाशी



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

जिला पुलिस प्रशासन ने मंगलवार दोपहर जिला कारागृह भीलवाड़ा में आकस्मिक सघन तलाशी अभियान चलाया। यह तलाशी दोपहर 2 बजे से 2:50 बजे तक चली। अभियान का नेतृत्व तहसीलदार एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट दिनेश कुमार साहू ने किया। इस दौरान सीओ सिटी मनीष बड़गुर्जर, एएसआई ओमप्रकाश थाना सुभाष नगर, एएसआई कृष्ण गोपाल लाल थाना भीमगंज, थानाधिकारी सुरजीत सिंह ठोलिया प्रतापनगर, थानाधिकारी गजेन्द्र सिंह नरुका कोतवाली, जिला कारागृह अधीक्षक शैलेन्द्र फौजदार व उप कारापाल हीरालाल गुर्जर सहित पुलिस जाब्ता मौजूद रहा। तलाशी के दौरान कारागृह परिसर में किसी भी प्रकार की निषिद्ध सामग्री या वस्तु बरामद नहीं हुई।

## पशु चिकित्सालय में दो दिन में दो बार चोरी का प्रयास

### अज्ञात चोरों ने ताले तोड़े, ग्रामीणों में दहशत

**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला।**

**जसवंत पारीक ।** कस्बे के राजकीय पशु चिकित्सालय में अज्ञात चोरों ने लगातार दो दिनों तक ताले तोड़कर चोरी का प्रयास किया। हालांकि प्रारंभिक जांच में कोई बड़ी चोरी सामने नहीं आई, लेकिन वारदातों से ग्रामीणों में भय का माहौल है।


पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिमेष ने बताया कि सोमवार सुबह जब वे चिकित्सालय पहुंचे तो भवन के ताले



टूटे मिले और अंदर दवाइयां व अन्य उपकरण बिखरे पड़े थे। सूचना पर बडलियास थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच की। पुलिस की मौजूदगी के बावजूद मंगलवार रात को फिर से अज्ञात चोरों ने ताले तोड़ दिए। लगातार दो दिन तक चिकित्सालय भवन पर चोरों की नजर रहने से लोगों में दहशत का माहौल बन गया है। ग्रामीणों ने पुलिस से रात्रि गश्त बढ़ाने और आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है।

## अवैध गारनेट खनन पर कोटड़ी पुलिस की बड़ी कार्रवाई

### दो सेपरेटर मशीनें और दो ट्रैक्टर जप्त

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी ग्रामीण**

**दिनेश पारिक ।** थाना क्षेत्र में अवैध गारनेट खनन पर सख्ती दिखाते हुए कोटड़ी पुलिस ने सोमवार देर रात एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। सहायक उप निरीक्षक कैलाश चंद्र प्रजापत के नेतृत्व में पुलिस टीम ने हरपुरा ग्राम की सरहद में दबिश देकर अवैध खनन में प्रयुक्त दो सेपरेटर मशीनें और दो ट्रैक्टर जब्त किए।

जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चल रहे अवैध खनन निरोधक अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। पुलिस ने रामकिशन गुर्जर के प्लांट से एक सेपरेटर मशीन तथा राजू गाडरी के प्लांट से एक सेपरेटर मशीन और दो ट्रैक्टर जब्त कर थाने में खड़ा करवाया है।

मामले की सूचना अग्रिम कार्रवाई के लिए माइनिंग विभाग को भेजी गई है । कार्रवाई के दौरान एएसआई प्रजापत के साथ कांस्टेबल मोतीलाल, राकेश कुमार और महेंद्र कुमार मीणा शामिल रहे।

## हाईवे पर कार-गौवंश टक्कर, महिला घायल



**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

**(सांवर वैष्णव)।** नेशनल हाईवे 758 पर ढेलाणा गांव के श्री देव होटल के पास मंगलवार को कार और गौवंश की टक्कर हो गई। हादसे में कार सवार एक महिला घायल हो गई। जानकारी के अनुसार कार सवार जोगणिया माता के दर्शन कर लौट रहे थे। इसी दौरान कार की टक्कर गौवंश से हो गई। हादसे में टीना पत्नी प्रकाश सैन निवासी सांगानेर, भीलवाड़ा को सिर में चोट आई। उन्हें सवाईपुर चिकित्सालय में प्राथमिक उपचार दिया गया। सूचना पर सवाईपुर चौकी के कांस्टेबल संदीप कुमार मौके पर पहुंचे। दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर ग्रामीणों और राहगीरों की भारी भीड़ जमा हो गई।



# विधायक गोपीचंद मीणा ने छपडेल-सांकड़ा में सड़कों का शिलान्यास किया

भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी ग्रामीण

**दिनेश पारीक ।** जहाजपुर विधायक गोपीचंद मीणा ने मंगलवार को कोटड़ी उपखंड क्षेत्र की छपडेल और सांकड़ा ग्राम पंचायतों में करोड़ों की लागत से बनने वाली सड़कों का शिलान्यास किया। उन्होंने छपडेल मुख्य सड़क से छपडेल गांव तक 80 लाख रुपये, सांकड़ा गांव में रोड से तेली मोहल्ला आंगनबाड़ी तक 40 लाख रुपये तथा बागड़ी गांव से सोडोयास बालाजी तक 60 लाख रुपये की लागत से बनने वाली सड़कों की आधारशिला रखी।

सभा को संबोधित करते हुए विधायक मीणा ने कहा कि क्षेत्र में विकास कार्यों की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने ग्रामवासियों की मांग पर बागड़ी गांव के विद्यालय के पास मुख्य सड़क पर कीचड़ की समस्या के समाधान के निर्देश भी अधिकारियों को दिए।

कार्यक्रम में कोटड़ी प्रधान करण सिंह बेलवा, जिला उप प्रमुख शंकर लाल गुर्जर, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष योगेंद्र सिंह, छपडेल प्रशासक रामेश्वर सिंह कोठाज, प्रशासक गोपाल सिंह कानावत, कांटी प्रशासक रतनलाल बधाई, श्यामलाल खटाना, बालमुकुंद जांगिड़, शंकर सिंह, बालवीर सेन, कमलेश सिंह, रामलाल लोधा सहित अनेक जनप्रतिनिधि और ग्रामीण मौजूद रहे।



# दुर्गा अष्टमी पर्व मनाया , माता प्रतिमा का हुआ विसर्जन

भीलवाड़ा फोकस @ आकोला।

**जसवंत पारीक ।** क्षेत्र के गांवों में मंगलवार को दुर्गा अष्टमी पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर स्थापित की गई माता की प्रतिमा का विसर्जन किया गया।

भक्तजनों ने डीजे की धुन पर नाचते-गाते हुए शोभायात्रा निकाली और माता की प्रतिमा को श्रद्धा भाव के साथ त्रिवेणी धाम पर विसर्जित किया। इस दौरान पैदल यात्रियों के लिए लगाए गए भंडारों का भी विसर्जन किया गया। प्रतिमा विसर्जन के बाद श्रद्धालु जोगणिया माता दरबार पहुंचे, जहां ध्वजा चढ़ाकर क्षेत्र में सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम में चंद्रा खटीक, गोपाल जाट, देवेंद्र तेली, दिनेश रायका, हरीलाल, जगदीश सुवालका, विकास पाराशर, रतन लूरा, श्रवण जाट, जगदीश जाट, बबलू भाट, हेमराज, राधेश्याम जाट, रामसिंह, पंजी जैन, शंकर शर्मा, रतन सुवालका, कमलेश सुवालका, नारायण आचार्य, गोविंद मीणा, मनोज तिवाड़ी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।



# भीलवाड़ा में निकली अनूठी साइकिल रैली, तीन पीढ़ियों बनी प्रेरणा स्रोत

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

**पेसवानी ।** भीलवाड़ा साइकिल क्लब और वरिष्ठ नागरिक मंच के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को शहर में विशाल साइकिल रैली निकाली गई। रैली का शुभारंभ रोडवेज बस स्टैंड स्थित वरिष्ठ नागरिक मंच भवन, गायत्री शक्तिपीठ से हुआ और प्रमुख मार्गों से होकर मंच भवन पर संपन्न हुई। रैली में सबसे खास बात यह रही कि इसमें वरिष्ठ नागरिकों के साथ उनकी दो, तीन और चार पीढ़ियों के सदस्य भी शामिल हुए। बच्चों, युवाओं और महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अनूठे आयोजन ने स्वस्थ जीवनशैली, पर्यावरण संरक्षण और यातायात सुरक्षा का संदेश भी दिया। क्लब प्रभारी अरुण संतोष मुछाल ने कहा कि साइकिल चलाना केवल व्यायाम नहीं बल्कि जीवन शैली है, और परिवार की कई पीढ़ियां साथ चलकर आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बनती हैं। रैली में शहर के गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।



# नौ मित्रों का 25 वर्षों से अटूट भंडारा, धनोप शक्तिपीठ में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।

**मूलचंद पेसवानी ।** शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर शाहपुरा के नौ मित्रों द्वारा पिछले 25 वर्षों से धनोप शक्तिपीठ में भक्तों का निस्वार्थ भंडारा आयोजित किया जा रहा है। अष्टमी के दिन यह परंपरा हजारों श्रद्धालुओं को एक साथ जोड़ती है और सेवा एवं आस्था का संदेश देती है।

भंडारे में कृष्ण गोपाल मूंदड़ा, शंकरलाल अग्रवाल, रमेश चेचाणी, यशपाल पाटनी, सुरेंद्र मेहता, राजेंद्र चैधरी, भगवान पोरवाल और सूर्यप्रकाश शारदा सहित सभी मित्र बिना किसी भेदभाव के भक्तों का स्वागत कर प्रसादी वितरित करते हैं। धनोप शक्तिपीठ न केवल आस्था का केंद्र है, बल्कि इस भंडारे के माध्यम से समाज में समानता, भाईचारा और सेवा भाव का संदेश भी फैलता है। यह निस्वार्थ सेवा पिछले 25 वर्षों से लगातार जारी है और क्षेत्र के लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी हुई है।





# नीमखेड़ा अंडर ब्रिज के जलभराव और स्टेशन नाम बदलने की मांग, सांसद से मिले ग्रामीण

भीलवाड़ा फोकस @ मांडल।

विधानसभा क्षेत्र के नीमखेड़ा अंडर ब्रिज 61 में बरसात के समय जलभराव से ग्रामीणों को हो रही परेशानियों के स्थाई समाधान की मांग को लेकर मंगलवार को नीमखेड़ा ग्राम का एक प्रतिनिधि मंडल सांसद दामोदर अग्रवाल से मिला। भेरूलाल खटीक और रामलाल वैष्णव के नेतृत्व में आए ग्रामीणों ने सांसद को बताया कि अंडर ब्रिज में हर वर्ष पानी भरने से राहगीरों और वाहन चालकों को गंभीर दिक्कत होती है, कई बार दुर्घटनाओं का जोखिम भी रहता है। उन्होंने बताया कि यह समस्या वर्षों से बनी हुई है, लेकिन अब तक इसका स्थाई समाधान नहीं हुआ।

इस अवसर पर ग्रामीणों ने धुवाला स्टेशन का नाम बदलकर नीमखेड़ा रेलवे स्टेशन करने का ज्ञापन भी सांसद को सौंपा। उनका कहना था कि स्टेशन का नाम गांव के नाम से अलग होने के कारण यात्रियों को असुविधा होती है।

सांसद दामोदर अग्रवाल ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया कि अंडर ब्रिज के जलभराव का स्थाई समाधान प्राथमिकता से कराया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश भी दिए। साथ ही स्टेशन नाम परिवर्तन के प्रस्ताव को आगे बढ़ाने की बात कही । ग्रामीणों ने सांसद के आश्वासन से उम्मीद जताई कि वर्षों से लंबित समस्याओं का जल्द समाधान संभव होगा।



## QUICK BITES

### सवाईपुर में नवरात्रि पर हुआ भंडारा, प्रतिमा विसर्जन के साथ सम्पन्न हुआ आयोजन

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर



**(सांवर वैष्णव)।** नवरात्रि की पावन शुरुआत के साथ सवाईपुर कस्बे के कोटड़ी चौराहे पर माताजी की प्रतिमा की स्थापना की गई। स्थापना के साथ ही नौ दिनों तक भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें जोगणिया माता के दर्शन को पैदल जाने वाले भक्तों की सेवा की गई। श्रद्धालुओं के लिए निःशुल्क चाय-पानी और भोजन की व्यवस्था की गई।

मंगलवार को विधिविधान से माताजी की पूजा-अर्चना के बाद प्रतिमा का त्रिवेणी संगम में विसर्जन किया गया।

इस अवसर पर चंद्रा खटीक, हरिलाल बेरवा, जगदीश सुवालका, गोपाल जाट, देवेंद्र साहू, बालू जाट, श्रवण जाट, जगदीश जाट, राहुल कुमार, बबलू भाट, राहुल खटीक, हनुमान रायका, रतन लुरा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

### मांडलगढ़ में होगा 51 फीट रावण का दहन, तीन दिवसीय दशहरा मेला कल से

भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।



नगर पालिका मांडलगढ़ के तत्वावधान में दशहरा मैदान में 1 से 3 अक्टूबर तक तीन दिवसीय दशहरा मेले का आयोजन होगा। मेले की शुरुआत एक अक्टूबर बुधवार रात 8ः30 बजे रंगारंग कार्यक्रमों से होगी। उद्घाटन अवसर पर राजू डीजे किंग रावल पार्टी की प्रस्तुति के साथ नृत्यांगना राखी रंगीली और शालू नागोरी अपनी प्रस्तुतियां देंगी।

दूसरे दिन 2 अक्टूबर की रात 8 बजे 51 फीट ऊंचे रावण, कुंभकरण और मेघनाद के पुतलों का दहन भव्य आतिशबाजी के बीच किया जाएगा। इसके बाद रात 9 बजे स्थानीय और प्रदेश स्तरीय कवि सम्मेलन का आयोजन होगा। तीसरे दिन 3 अक्टूबर की रात 8ः30 बजे भजन संध्या का आयोजन होगा, जिसमें जोधपुर के मोइनुद्दीन मनचला और राजसमंद के लेहरूदास वैष्णव अपनी प्रस्तुतियां देंगे।

नगर पालिका अध्यक्ष संजय डांगी ने बताया कि मेले में सुरक्षा, पार्किंग और सफाई की विशेष व्यवस्था की गई है, ताकि श्रद्धालुओं व दर्शकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# डाकघर में हुआ दीनदयाल स्पर्श योजना क्विज, चयनित बच्चों को मिलेगी छात्रवृत्ति

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

युवा पीढ़ी में फिलाटेली डाक टिकट संग्रह के प्रति रुझान बढ़ाने के उद्देश्य से प्रधान डाकघर भीलवाड़ा में छात्रवृत्ति योजना दीनदयाल स्पर्श योजना के तहत क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई।

प्रतियोगिता में सेन्ट्रल एकेडमी, महेश पब्लिक व सोफिया स्कूल के कुल 37 विद्यार्थियों ने भाग लिया। योजना कक्षा 6 से 9 तक के छात्र-छात्राओं के लिए है। प्रतियोगिता में चयनित विद्यार्थियों को एक वर्ष तक 6000 की छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी।



डाकघर अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार ने बताया कि फिलाटेली बच्चों और युवाओं में ज्ञान तथा सृजनात्मकता को बढ़ाती है। इसी कारण इसे किंग ऑफ होबी और होबी ऑफ किंग कहा जाता है।


गौरतलब है कि डाक टिकट किसी भी देश की संस्कृति, धरोहर, महापुरुषों और महत्वपूर्ण घटनाओं का दर्पण होते हैं। यही कारण है कि इसे नई पीढ़ी से जोड़ने के लिए डाक विभाग लगातार प्रयासरत है।

# खेड़ा खूंट माताजी में गरबा महोत्सव, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से गूंजा प्रांगण

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

विश्व हिंदू परिषद खेड़ा खूंट माताजी गरबा महोत्सव समिति के तत्वावधान में गरबा महोत्सव पर भव्य आयोजन हो रहा है । विगत तीन वर्षों से लगातार हो रहे आयोजन में इस बार भी पारंपरिक गरबा-डांडिया के साथ देशप्रेम और सामाजिक सरोकारों से जुड़ी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया।

महोत्सव के संचालक एवं बजरंग दल कार्यकर्ता राहुल भाम्बी ने कहा कि काली पूजा शत्रुओं का दमन करने के साथ ही भक्तों को साहस, आत्मविश्वास और ज्ञान देती है। इससे जीवन में सकारात्मक ऊर्जा आती है और समृद्धि, शांति तथा सफलता प्राप्त होती है।





गरबा-डांडिया रास के दौरान प्रतिभाशाली कलाकारों को सम्मानित किया गया। युवक-युवतियों और महिलाओं में प्रस्तुति देने की विशेष होड़ रही।

कार्यक्रम में राजेश पटवारी, राजकुमार टेलर, रवि जाट, लकी प्रजापत, विहिप महानगर सह सामाजिक समरसता प्रमुख दिनेश सालवी, किरण सालवी सहित बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता शिवानी भरावा, स्नेहलता पटवारी, अनीता, अनु, गायत्री और क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

# बंद रहे सवाईपुर के बाजार, नही निकला नेजा




**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

( सांवर वैष्णव ):- सवाईपुर कस्बे से आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में 9 दिन के नवरात्रा आज सम्पूर्ण हुए, वर्षों से चली आ रही परंपरा के अनुसार आज प्रातः 11:00 बजे बाद सवाईपुर के बाजार बंद रखे गए, हालांकि माता जी का नेजा नहीं निकाला गया । सवाईपुर कस्बे में रड़ा की माताजी, बोहरी माता, जीण माता के मंगलवार को नो दिन के नवरात्रा सम्पूर्ण हुए, जहां जलाशयों में ज्वारे व भभुति विसर्जन की गई ।

## अनिल व्यास बने एशियन तैराकी में सम्मानित अतिथि, भारत ने जीता रजत पदक




**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।**

**पेसवानी** । अहमदाबाद के वीर सावरकर स्टेडियम में चल रही 11वीं एशियन तैराकी प्रतियोगिता में भारत ने दमदार प्रदर्शन करते हुए 4म200 मीटर फ्री स्टाइल रिले स्पर्धा में रजत पदक हासिल किया। स्वर्ण पदक चीन और कांस्य मलेशिया के नाम रहा। भारत की टीम में क्षीहरी नटराज, साजन प्रकाश, अनिस गोडा और गांगुली ने बेहतरीन खेल दिखाया।

प्रतियोगिता के पदक वितरण समारोह में शाहपुरा के अनिल व्यास ने विजेताओं को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। व्यास के अंतरराष्ट्रीय मंच पर अतिथि बनने और भारतीय टीम का सम्मान करने से शाहपुरा में खुशी की लहर है। स्थानीय खेल प्रेमियों ने इसे नगर की उपलब्धि बताया और व्यास को बधाइयाँ दीं। अनिल व्यास ने कहा कि भारत की युवा तैराक टीम भविष्य में स्वर्ण पदक जीतकर एशिया में अलग पहचान बनाएगी।

## 14 गोत्रों की कुलदेवी बधर माता का दरबार सजा, हुआ भव्य जागरण

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

माहेश्वरी समाज की 14 गोत्रों की कुलदेवी बधर माता का दरबार संजय कॉलोनी स्थित माहेश्वरी भवन में सजाया गया, जहां जागरण, ज्योत प्रज्वलन और महाआरती हुई। इस मौके पर जिलेभर से 610 परिवारों के एक हजार से अधिक सदस्य मौजूद रहे। जिला अध्यक्ष राधेश्याम सोमानी ने बताया कि नवरात्रि की अश्विन शुक्ल षष्ठी पर माता जी की चौकी और धार्मिक अनुष्ठान हुए। भजन गायिका डॉ. सुमन सोनी ने माता रानी के भजन प्रस्तुत किए, वहीं 31 कन्याओं को भोजन कराकर पूजन संपन्न हुआ। जागरन में गोडला भी पधारा और भक्तों ने माता का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर राष्ट्रीय ट्रस्ट के मंत्री पूरण मरदा अतिथि रूप में उपस्थित रहे जिनका पारंपरिक स्वागत किया गया। वरिष्ठजनों ने ऐसे आयोजन को युवाओं में आस्था व सामाजिक एकता का प्रतीक बताया। बड़ी संख्या में समाजबंधु और महिलाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन जिला मंत्री देवेंद्र सोमानी ने किया।



## श्री बाबा धाम पर धूमधाम से मनाया नवरात्र महोत्सव, हुई विशेष पूजा अर्चना

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

श्री बाबा धाम मंदिर प्रांगण में नवरात्र महोत्सव के तहत सामूहिक हवन, पूजन, दुर्गा पाठ व अभिषेक के साथ विशेष पूजा-अर्चना हुई। इस अवसर पर मंदिर परिसर श्रद्धालुओं से खचाखच भरा रहा।

रात्रि में पुरुषों व महिलाओं ने अलग-अलग वर्गों में गरबा नृत्य कर माता के दरबार में जयकारे लगाए। आकर्षक विद्युत सजावट और फूलों से सजे मंदिर में मंगलवार शाम हुई महाआरती में भी हजारों भक्त शामिल हुए।

महोत्सव 22 सितंबर से 1 अक्टूबर तक अध्यक्ष विनीत अग्रवाल के सानिध्य में आयोजित किया जा रहा है। प्रतिदिन विशेष श्रृंगार, हवन और पूजन के कार्यक्रम हो रहे हैं। बुधवार को यज्ञशाला में पूर्णाहुति व संध्याकालीन सुंदरकांड पाठ के साथ महोत्सव का समापन होगा।



## QUICK BITES

### 69वीं राज्य स्तरीय छात्र-छात्रा फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



69वीं राज्य स्तरीय छात्र-छात्रा फुटबॉल प्रतियोगिता 30 सितंबर से 6 अक्टूबर तक लॉर्ड कॉन्वेंट स्कूल में आयोजित हो रही है । मंगलवार को प्रतियोगिता का उद्घाटन भीलवाड़ा सांसद दामोदर अग्रवाल ने झंडा रोहन कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता लादू लाल तेली ने की, जबकि रामेश्वर लाल बाल्दी, ओम प्रकाश, महावीर आर्य और मायाकांत शर्मा सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में छात्र वर्ग की 35 और छात्रा वर्ग की 34 टीमें भाग ले रही हैं। पहले दिन छात्र वर्ग में खेरतल तिजारा ने बालोतरा को 8-0 और जोधपुर ने जैसलमेर को 2-0 से हराया। छात्रा वर्ग में सीकर ने खैरतल को 4-0 और चित्तौड़गढ़ ने दौसा को 3-0 से हराया। प्रतियोगिता शिक्षा विभाग और क्रीड़ा भारती द्वारा आयोजित की जा रही है।

### द्वारिका कॉलोनी में गरबा महोत्सव, बच्चियों ने मां दुर्गा के रूप का सजीव मंचन किया

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



शारदीय नवरात्र के अवसर पर द्वारिका कॉलोनी में गरबा महोत्सव का आयोजन धूमधाम से हुआ। महोत्सव में नन्हीं बच्चियों ने मां दुर्गा के विभिन्न रूपों का सजीव मंचन कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया।

श्रद्धालुओं ने पारंपरिक वेशभूषा में देवी मां के दरबार में गरबा नृत्य किया और अपनी आस्था दिखाई। आयोजन समिति ने बताया कि अंतिम दिन विशाल भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। महोत्सव में कॉलोनीवासी और श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### शाहपुरा विधायक लालाराम ने 69वीं राज्य स्तरीय जूडो प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को दी शुभकामनाएँ

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**




उदयपुर में आयोजित 69वीं राज्य स्तरीय विद्यालयी जूडो प्रतियोगिता में 14 वर्ष तक के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में शाहपुरा विधायक लालाराम बैरवा उपस्थित रहे। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को जीत के लिए अग्रिम शुभकामनाएँ दीं और कहा कि शिक्षा और खेलों के माध्यम से नेतृत्व क्षमता और अच्छे व्यक्तित्व का विकास होता है। कार्यक्रम में सहकारिता राज्य मंत्री गौतम दक, उदयपुर ग्रामीण विधायक फूल सिंह मीणा, उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन, भाजपा जिला अध्यक्ष उदयपुर गजपाल सिंह राठौड़, चित्तौड़ प्रांत सह-कार्यवाह नारायण गमेती, जिला शिक्षा अधिकारी चंद्र शेखर जोशी, ष्टक्कश्वह्र दुर्गेश मेनारिया, शारीरिक शिक्षक सुशील सेन, किशन सोनी तथा अन्य शारीरिक शिक्षक और प्रदेशभर से आए प्रतिभागी छात्र-छात्राएँ मौजूद रहे।

' भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo.– 8696795959
Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA Focus
भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।